1. **इनमें से कौन-सा रासायनिक समीकरण संतुलित है?**

(a) $CH_2 + 2O_2 \longrightarrow CO_2X + H_2O$

(b) $CH_4 + O_2 \longrightarrow 2CO_2 + 2H_2O$

(c) $CH_4 + 2O_2 \longrightarrow CO_2 + 2H_2O$

(d) $CH_4 + O_2 \longrightarrow CO_2 + H_2O$

**हल** *(c)* $CH_4 + 2O_2 \longrightarrow CO_2 + 2H_2O$ समीकरण संतुलित है।

2. **मोहन सिंह मण्डार ने किस मुगल शासक के विरुद्ध विद्रोह किया ?**

(a) अकबर
(b) औरंगजेब
(c) शाहजहाँ
(d) बाबर

**हल** *(d)* मोहन सिंह मण्डार की रियासत कैथल के पास थी। ये मण्डार रियासत के सरदार थे।

- इन्होंने लम्बे समय तक बाबर का मुकाबला किया।

3. **पिता की उम्र बेटे की उम्र से छः गुना अधिक है। चार वर्ष बाद पिता की उम्र बेटे की उम्र से चार गुना होगी। इस वर्ष पिता और बेटे की उम्र कितनी है ?**

(a) 5 और 30
(b) 3 और 18
(c) 6 और 36
(d) 8 और 38

**हल** *(c)* माना, पुत्र की उम्र $= x$ वर्ष

तो पिता की उम्र $= 6x$

चार वर्ष बाद,

पुत्र की उम्र $= (x + 4)$

और पिता की उम्र $(6x + 4)$ वर्ष

प्रश्नानुसार,

$$(6x + 4) = (x + 4)\,4$$
$$(6x + 4) = 4x + 16$$
$$2x = 12$$
$$x = 6 \text{ वर्ष}$$

अत: पिता की उम्र $= 6 \times 6 = 36$ वर्ष

4. **बन्दा बहादुर ने किस गुरु के कहने पर संन्यास छोड़कर युद्ध किया ?**

(a) गुरु तेग बहादुर
(b) गुरु अर्जुनदेव
(c) गुरु गोविन्द सिंह
(d) गुरु नानक देव

Downloaded from www.cclchapter.com

**हल** *(c)* बन्दा बहादुर ने गुरु गोविन्द सिंह के कहने पर सन्यास छोड़कर युद्ध किया। गुरु गोविन्द सिंह के आदेश पर वे पंजाब आए और सिक्खों के सहयोग से मुगल अधिकारियों को पराजित किया।

- गुरु गोविन्द सिंह की मृत्यु के बाद उनके शिष्य बन्दा बहादुर ने ही सिखों का नेतृत्व सँभाला।

**5. इनमें से कौन-सी अभाज्य संख्या नहीं है?**

(a) 31 (b) 61

(c) 71 (d) 91

**हल** *(d)* 91, जो 13 और 7 से विभाज्य है।
जबकि, 31, 61 तथा 71 अभाज्य संख्या है।
($\therefore$ वह संख्या जो सिर्फ 1 से एवं स्वयं से विभाजित हो, अभाज्य संख्या होती है।)

**6. हरियाणा की राज्यभाषा कौन-सी है ?**

(a) उर्दू (b) अंग्रेजी

(c) पंजाबी (d) हिन्दी

**हल** *(d)* पंजाब से अलग होकर स्वतन्त्र हरियाणा राज्य का गठन 1 नवम्बर, 1966 को हुआ था।

- हरियाणा की राज्यभाषा हिन्दी है। पंजाबी को अतिरिक्त राज्यभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है।

**7. 9 प्रतिशत की साधारण ब्याज दर पर छः महीने की अवधि में कितनी धनराशि का ब्याज ₹ 270 होगा ?**

(a) ₹ 5,000 (b) ₹ 6,000

(c) ₹ 8,000 (d) ₹ 10,000

**हल** *(b)* दर = 9%

$$\text{समय} = 6 \text{ महीने} = \frac{1}{2} \text{ वर्ष}$$

$$\text{साधारण ब्याज} = ₹\ 270$$

$$\text{साधारण ब्याज} = \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$$

$$270 = \frac{P \times 9 \times 1}{100 \times 2}$$

$$\therefore \quad \text{मूलधन } (P) = ₹\ 6000$$

Downloaded from www.cclchapter.com

**8. इनमें से कौन-सी संतुलित अभिक्रिया है?**

(a) $2Mg + O_2 \longrightarrow MgO$

(b) $CaCO_3 \longrightarrow 2CaO + CO_2$

(c) $Zn + HCl \longrightarrow ZnCl_2 + H_2$

(d) $2Na + 2H_2O \longrightarrow 2NaOH + H_2$

**हल** *(a)* $2Mg + O_2 \rightarrow 2MgO$ अभिक्रिया सन्तुलित है।

**9. जेलवासियों के बच्चों की आर्थिक सहायता के लिए किस सरकार ने योजना बनाई है ?**

(a) हरियाणा (b) केरल

(c) दिल्ली (d) गुजरात

**हल** *(c)* दिल्ली सरकार ने जेलवासियों के बच्चों की आर्थिक सहायता के लिए योजना बनाई है।

- इस योजना के अन्तर्गत बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाएगा।

**10. लोकगाथा 'आल्हा' में किस रस की प्रधानता है?**

(a) वीर रस (b) करुण रस

(c) शान्त रस (d) हास्य रस

**हल** *(a)* लोकगाथा 'आल्हा' में वीर रस की प्रधानता है।

- 'आल्हा' मूल रूप से बुंदेलखण्डी लोकगाथा है। इस लोकगाथा के नायक आल्हा और ऊदल नामक वीर हैं। यह लोकगाथा ढोल एवं नगाड़े पर गायी जाती है।

**11. विश्व मुद्रण स्वतन्त्रता दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 1 मई (b) 3 मई (c) 7 मई (d) 11 मई

**हल** *(b)* विश्व मुद्रण स्वतन्त्रता दिवस प्रत्येक वर्ष 3 मई को मनाया जाता है।

- वर्ष 1991 में यूनेस्को और संयुक्त राष्ट्र के जन सूचना विभाग ने मिलकर इसे मनाने का निर्णय लिया था।
- इस दिन को मनाने का उद्देश्य प्रेस की स्वतन्त्रता के विभिन्न प्रकारों के उल्लंघनों की गम्भीरता के बारे में जानकारी देना है।

**12. हरियाणा के स्वांग का प्रारम्भ मेरठ के किस कलाकार से माना जाता है?**

(a) मांगेराम (b) अलीबक्श

(c) किशनलाल भट्ट (d) दीपचन्द

**हल** *(c)* हरियाणा में स्वांग परम्परा का जनक मेरठ के कलाकार किशनलाल भट्ट को माना जाता है।

- हरियाणा में स्वांग परम्परा की शुरुआत वर्ष 1730 ई. को हुई। स्वांग एक प्रकार की संगीतमय नाटिका होती है, जिसमें लोककथाओं को लोकगीत, संगीत व नृत्य आदि के रूप में नाट्यबद्ध किया जाता है।

**13. संत सूरदास ने संगीत की शिक्षा किस आचार्य से ली ?**

(a) संत रैदास (b) बैजू बावरा

(c) संत हरिदास (d) संत कबीर

Downloaded from www.cclchapter.com

**हल** *(c)* सूरदास ने संगीत की शिक्षा आचार्य संत हरिदास से ली थी। सूर सागर, सूर सरावली और साहित्य लहरी उनकी रचनाएँ हैं।
- सूरदास का जन्म फरीदाबाद के सीही ग्राम में हुआ था।

**14. नीचे दिए गए शब्दों को शब्दकोश के आधार पर व्यवस्थित कीजिए-**

**(i) Addition** **(ii) Admire**
**(iii) Addict** **(iv) Admission**

(a) (i), (iii), (ii), (iv) (b) (ii), (iii), (i), (iv)
(c) (iv), (ii), (i), (iii) (d) (iii), (i), (ii), (iv)

**हल** *(d)* सही क्रम होगा, शब्दकोश के अनुसार
(iii) Addict → (i) Addition (ii) Admire → (iv) Admission
(iii) → (i) → (ii) → (iv)

**15. हरियाणा में किस फसल का सर्वाधिक उत्पादन होता है?**

(a) चावल (b) गन्ना (c) मक्का (d) गेहूँ

**हल** *(d)* हरियाणा में गेहूँ की फसल का सर्वाधिक उत्पादन होता है हरियाणा देश के कुल गेहूँ उत्पादन का 12% उत्पन्न करता है।
- गेहूँ एक रबी फसल है। हिसार, सिरसा, भिवानी व जींद राज्य के प्रमुख गेहूँ उत्पादक क्षेत्र हैं।

**16. किस स्थान से प्राप्त अभिलेखों में संगीत के सात स्वरों का उल्लेख है?**

(a) सुध (b) अग्रोहा (c) रोहतक (d) मिताथल

**हल** *(b)* अग्रोहा, हरियाणा का एक प्राचीन शहर है। यह हिसार शहर के 20 किमी उत्तर-पश्चिम में स्थित है।
- यहाँ उत्खनन से एक बौद्ध स्तूप और बौद्ध विहार के सम्पूर्ण अवशेष प्राप्त हुए हैं।
- यहाँ से प्राप्त अभिलेखों में संगीत के सात स्वरों का उल्लेख मिलता है।

**17. मानव का बारंबार श्रवण शक्ति सीमा क्षेत्र कितना है?**

(a) 20 Hz से 20000 Hz (b) 20000 Hz से अधिक
(c) 20 Hz से कम (d) इनमें से कोई नहीं

**हल** *(a)* 20 Hz – 20000 Hz के बीच की आवृत्ति वाली तरंगों को 'श्रव्य तरंग' कहते हैं।
- इन तरंगों को हमारे कान सुन सकते हैं। 20Hz से नीचे की आवृत्ति वाली ध्वनि तरंगें अवश्रव्य तरंगें कहलाती हैं।
- 20,000 Hz के ऊपर की तरंगें पराश्रव्य तरंगें कहलाती हैं।

**18. अगरतला किस राज्य की राजधानी है?**

(a) मणिपुर (b) त्रिपुरा
(c) तेलंगाना (d) पश्चिम बंगाल

**हल** *(b)*

| राज्य | | राजधानी |
|---|---|---|
| त्रिपुरा | – | अगरतला |
| मणिपुर | – | इम्फाल |
| तेलंगाना | – | हैदराबाद |
| पश्चिम बंगाल | – | कोलकाता |

Downloaded from www.cclchapter.com

**19. इनमें से किसका मान अधिकतम है?**

(a) 0.0001 (b) 1/1000
(c) $(0.100)^2$ (d) (1/10) + 0.1

**हल** *(d)* विकल्प (a) से, 0.0001

विकल्प (c) से, $(0.100)^2 = \left(\frac{100}{1000}\right)^2 = \left(\frac{1}{10}\right)^2 = \frac{1}{100} = 0.01$

विकल्प (b) से, $\frac{1}{1000} = 0.001$

विकल्प (d) से, $\left(\frac{1}{10}\right) + 0.1 = 0.1 + 0.1 = 0.2$

अत: $\left(\frac{1}{10}\right) + 0.1$ का मान अधिकतम है।

**20. इनमें से कौन-सा कुछ संरचना का संशोधन कर सरीसृप से पक्षी में परिवर्तन होने के विकास का प्रमाण करते हैं?**

(a) आर्कियोप्टेरिक्स (b) प्लेटिपस
(c) एकीडना (d) पेरिपेटस

**हल** *(a)* आर्कियोप्टेरिक्स पहला ज्ञात पक्षी है। इसकी उत्पत्ति 140 करोड़ वर्ष पूर्व हुई थी।

- यह सरीसृप एवं पक्षी वर्ग के बीच की कड़ी है। 1.5 फीट लम्बे इस जीवाश्म पक्षी में पक्षियों और डायनासोर दोनों के लक्षण थे। अत: यह प्रमाणित करता है कि पक्षियों का विकास सरीसृपों से हुआ है।

**21. इनमें से कौन-सा असंपर्क शक्ति का उदाहरण नहीं है ?**

(a) गुरुत्वाकर्षण शक्ति (b) घर्षण शक्ति
(c) चुम्बकीय शक्ति (d) विद्युत स्थित शक्ति

**हल** *(b)* घर्षण एक प्रकार का विरोधी बल है जो वस्तु का विरोध करता है।

- जब दो वस्तुएँ आपस में सम्पर्क में आती है, तो उनके सम्पर्क पृष्ठ पर घर्षण बल कार्य करता है। यह बल वस्तु के समानांतर या सम्पर्क पृष्ठ के समानान्तर कार्य करता है।
- यह दो प्रकार का होता है–स्थैतिक घर्षण तथा गतिज घर्षण।

**22. निम्नलिखित में से कौन-सी लोकसभा सीट सामान्य वर्ग में आती है?**

(a) अम्बाला (b) गुड़गाँव
(c) सिरसा (d) ये सभी

**हल** *(d)* हरियाणा में लोकसभा सीटों की संख्या दस है जिसमें 8 सामान्य तथा 2 सीटें आरक्षित हैं।

- सिरसा तथा अम्बाला लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।
- शेष सभी - भिवानी, फरीदाबाद, हिसार, करनाल, कुरुक्षेत्र, गुड़गाँव, रोहतक तथा सोनीपत सामान्य वर्ग की सीटें हैं।

**23. आज बृहस्पतिवार है, तो 66 दिनों के बाद कौन-सा दिन होगा?**

(a) रविवार (b) सोमवार
(c) बृहस्पतिवार (d) शुक्रवार

Downloaded from www.cclchapter.com

**हल** *(a)* आज बृहस्पतिवार है

66 दिन बाद = $\frac{66}{7}$

($\therefore$ सप्ताह में 7 दिन होते है इसलिए 7 से भाग देंगे।)

$\therefore$ 9 सप्तहा + 3 विषम दिन

अतः बृहस्पतिवार में 9 सप्ताह और 3 विषम दिन को जोड़ने पर, 9 सप्ता के बाद फिर से बृहस्पतिवार होगा और 3 विषम दिन को जोड़ने पर रविवार होगा। बृहस्पतिवार + 3 दिन = रविवार

**24. सत्यार्थ प्रकाश के लेखक कौन हैं?**

(a) स्वामी दयानन्द (b) स्वामी रामदेव

(c) स्वामी श्रद्धानन्द (d) आचार्य बलदेव

**हल** *(a)* सत्यार्थ प्रकाश की रचना आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती ने की। इसकी रचना सन् 1874 में संस्कृत भाषा में हुई।

**25. अगर 'ROSE' का कूट संकेत 6821, CHAIR का कूट संकेत 73456 और PREACH का कूट संकेत 961473 है, तो 'SEARCH' का कूट संकेत क्या होगा ?**

(a) 214763 (b) 216473

(c) 246173 (d) 214673

**हल** *(d)*

| R | O | S | E | ; | C | H | A | I | R | ; | P | R | E | A | C | H |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| [6] | 8 | [2] | 1 | | [7] | 3 | [4] | 5 | 6 | | 9 | 6 | [1] | 4 | 7 | [3] |

तीनों संकेतों के संयुक्त सम्बन्ध से

| S | E | A | R | C | H |
|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 |

**26. भारत का पहला एक्वाकल्चर पेथोलॉजी प्रयोगशाला CAPLIS कहाँ पर स्थित है?**

(a) चिदम्बरम, तमिलनाडु

(b) कोल्लम, केरल

(c) तुमकुर, कर्नाटक

(d) सिरकली, तमिलनाडु

**हल** *(d)* भारत का पहला एक्वाकल्चर पेथोलॉजी प्रयोगशाला (CALP) सिरकली तमिलनाडु में स्थित है।

- इसे 30 मई, 2014 को शुरू किया गया। यह प्रयोगशाला RGCA (Rajiv Gandhi Centre for Aquaculture) के अन्तर्गत कार्यरत् है।

**27. इनमें से कौन-सी पंक्ति वानस्पतिक और हरे खाद के लिए सही नहीं हैं?**

(a) मिट्टी के पानी सोखने की क्षमता बढ़ती है

(b) मिट्टी में हवा और तापमान को कम करती है

(c) मिट्टी को पोषित और सूक्ष्मजीवाणु से परिपूर्ण करती है

(d) मिट्टी को कृमि, कीड़ों को रहने योग्य बनाती है

Downloaded from www.cclchapter.com

**हल** *(b)* हरी खाद में उगाई जाने वाली फसलें मुख्य रूप से दालें मूँग, अरहर, उड़द आदि है।

- हरी खाद के लिए उगाई जाने वाली फसल का चुनाव भूमि तथा जलवायु को ध्यान में रखकर करना चाहिए।
- वनस्पति तथा हरी खाद की विशेषत निम्नलिखित हैं–

– यह मिट्टी के पानी सोखने की क्षमता बढ़ती है।
– मिट्टी को पोषित और सूक्ष्मजीवाणु से परिपूर्ण करती है।
– मिट्टी को कृषि, कीड़ों, के रहने योग्य बनाती है।

**28. यदि दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य 840 है और उसका महत्तम समापवर्तक 14 है और उनमें से एक संख्या 42 है, तो दूसरी संख्या क्या है?**

(a) 280 (b) 420 (c) 140 (d) 88

**हल** *(a)* पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल.स. × म.स.

$$42 \times \text{दूसरी संख्या} = 840 \times 14$$

$$\text{दूसरी संख्या} = \frac{840 \times 14}{42} = 280$$

**29. 'हरियाणा तिलक' साप्ताहिक पत्रिका के सम्पादक कौन थे?**

(a) नेकीराम शर्मा (b) बलदेव सिंह
(c) श्री राम शर्मा (d) सर छोटूराम

**हल** *(c)* 'हरियाणा तिलक' साप्ताहिक पत्रिका के सम्पादक श्री राम शर्मा थे।

- वर्ष 1923 में उन्होंने यह पत्रिका हिन्दी व उर्दू भाषा में निकाली।

**30. श्रृंखला में लुप्त पद ज्ञात कीजिए–**
**3, 5, 8, 10, ?, 15, 18, 20**

(a) 13 (b) 12 (c) 14 (d) 11

**हल** *(a)* 3 →(+2) 5 →(+3) 8 →(+2) 10 →(+3) [13] →(+2) 15 →(+3) 18 →(+2) 20

**31. श्री दीनानाथ बत्रा का किस क्षेत्र में सर्वाधिक योगदान है?**

(a) कृषि (b) रोजगार (c) राजनीति (d) शिक्षा

**हल** *(d)* श्री दीनानाथ बत्रा का सर्वाधिक योगदान शिक्षा के क्षेत्र में रहा है।

- दीनानाथ बत्रा शिक्षा बचाओं आन्दोलन समिति के संस्थापक तथा राष्ट्रीय संयोजक है।

**32. यदि $^nC_4 = {^nC_3}$ है, तो $n$ का मान क्या है?**

(a) 0 (b) 5 (c) 7 (d) 10

**हल** *(c)* $$^nC_4 = {^nC_3} \qquad \left(\because {^nC_r} = \frac{n!}{(n-r)!\,r!}\right)$$

$$\frac{n!}{(n-4)!\,4!} = \frac{n!}{(n-3)!\,3!}$$

$$\frac{1}{4} = \frac{1}{n-3}$$

$$n - 3 = 4 \Rightarrow n = 7$$

Downloaded from www.cclchapter.com

**33. रेवाड़ी जिले के किस स्थान पर स्लेट पत्थर पाया जाता है?**

(a) खोल (b) बावल
(c) कुण्ड (d) कोसली

**हल** *(c)* स्लेट के पत्थर का इस्तेमाल लिखने के लिए पट्टियों और ब्लैक बोर्ड के निर्माण हेतु तथा मेजों के टाप आदि बनाने में किया जाता है।

- यह गुड़गाँव, महेन्द्रगढ़ और रेवाड़ी जिले के कुंड़, माजारा तथा मनेढ़ी गाँवों में पाया जाता है।

**34. अगर 'नीला' हरा कहलाएगा 'हरा' सफेद कहलाएगा सफेद लाल कहलाएगा और लाल पीला कहलाएगा, तो फिर दूध का रंग कौन-सा होगा ?**

(a) सफेद (b) हरा (c) पीला (d) लाल

**हल** *(d)* दूध का रंग सफेद होता है और प्रश्नानुसार, सफेद को लाल कहा जाता है। अतः दूध का रंग लाल है।

**35. राजस्थान का राज्य पशु कौन-सा है?**

(a) हाथी (b) ऊँट
(c) जिराफ (d) तेंदुआ

**हल** *(b)* राजस्थान सरकार ने रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ऊँट को राज्य पशु घोषित किया है।

- राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार, चिंकारा के साथ-साथ अब ऊँट भी राज्य पशु बन गया है।

**36. यदि $\frac{\sqrt{8}}{\sqrt{5}-\sqrt{3}} = x + \sqrt{6}$, तो $x$ का मान क्या है?**

(a) $\sqrt{3}$ (b) $\sqrt{5}$ (c) $\sqrt{6}$ (d) $\sqrt{10}$

**हल** *(d)* $\frac{\sqrt{8}}{\sqrt{5}-\sqrt{3}} \times \frac{\sqrt{5}+\sqrt{3}}{\sqrt{5}+\sqrt{3}} = x + \sqrt{6}$

(हर का परिमेयकरण करने पर)

$$\frac{\sqrt{8}(\sqrt{5}+\sqrt{3})}{2} = x + \sqrt{6}$$

$$\sqrt{40} + \sqrt{24} = 2x + 2\sqrt{6}$$

$$\sqrt{2\times2\times2\times5} + \sqrt{2\times3\times2\times2} = 2x + 2\sqrt{6}$$

$$2\sqrt{10} + 2\sqrt{6} = 2x + 2\sqrt{6}$$

तुलना करने पर, $2\sqrt{10} = 2x,\ x = \sqrt{10}$

**37. यदि समांतर श्रेणी में 6/5, $a$, 4 हैं, तो $a$ का मान कितना है?**

(a) $\frac{26}{5}$ (b) $\frac{13}{5}$ (c) 13 (d) $\frac{6}{5}$

**हल** *(b)* यदि $\frac{6}{5}$, $a$ तथा 4 समांतर श्रेणी में हो, तो

$$a = \frac{\frac{6}{5}+4}{2}$$

$$a = \frac{26}{10} = \frac{13}{5}$$

Downloaded from www.cclchapter.com

38. **पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम के स्मरणार्थ दिल्ली सरकार ने भारत के किस शहर में एक स्मारक बनाने का निर्णय लिया है?**

(a) साकेत
(b) राजौरी गार्डन
(c) कांझावाला
(d) दिल्ली हाट

**हल** *(d)* पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के स्मरणार्थ दिल्ली सरकार ने दिल्ली हाट में कलाम मैमोरियल का निर्माण किया है।
- संग्रहालय में पूर्व राष्ट्रपति से जुड़ी वस्तुएँ रखी गई हैं जिसमें उनके कपड़े, पुस्तकें, प्रशस्ति पत्र आदि शामिल हैं।

39. **यदि $2^n - 2^{n-1} = 4$, तो $n^n$ का मान क्या है?**

(a) 8 (b) 9 (c) 27 (d) 64

**हल** *(c)* $2^n - 2^{n-1} = 4$

माना, $2^n = x$

$$x - \frac{x}{2} = 4$$
$$2x - x = 8$$
$$x = 8$$

तो, अब $2^n = 8 \Rightarrow 2^n = 2^3$

$\therefore$ $n = 3$

$\therefore$ $n^n = (3)^3 = 27$

40. **गिद्ध संरक्षण का प्रजनन केन्द्र किस स्थान पर है?**

(a) पिंजौर
(b) यमुनानगर
(c) पंचकुला
(d) करनाल

**हल** *(a)* हरियाणा में गिद्ध संरक्षण प्रजनन केन्द्र पिंजौर में स्थित है।
- यह हरियाणा वन विभाग और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी की एक संयुक्त परियोजना है।
- यह तीन प्रजातियों के गिद्धों सफेद पीठ वाले गिद्ध, चोंच वाले गिद्ध और पतली चोंच वाले गिद्ध को विलुप्त होने से बचाने के लिए एक सहयोगात्मक पहल है।

41. **शिल्प गुरु सम्मान और संत कबीर सम्मान नामक राष्ट्रीय सम्मान किसके लिए दिया जाता है?**

(a) हस्तकला और वस्त्र
(b) औषधि
(c) संगीत
(d) वैज्ञानिक

**हल** *(b)* शिल्प गुरु सम्मान और संत कबीर सम्मान नामक राष्ट्रीय सम्मान हस्तकला और वस्त्र दोनों क्षेत्रों में दिया जाता है।
- संत कबीर सम्मान की स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी। जबकि शिल्प गुरु सम्मान की स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी।

42. **इनमें से कौन-सा विषम है?**

(a) ग्राम (b) लीटर (c) टन (d) क्विंटल

**हल** *(b)* लीटर विषम है, क्योंकि यह द्रव्य को मापने के लिए उपयोग होता है। बाकी का उपयोग ठोस पदार्थों को मापने के लिए किया जाता है।

Downloaded from www.cclchapter.com

**43. हरियाणा में किस धर्म को मानने वाले लोग सबसे ज्यादा हैं ?**

(a) हिन्दू (b) मुस्लिम (c) बौद्ध (d) यहूदी

**हल** *(a)* हरियाणा में हिन्दू धर्म को मानने वाले लोग सबसे अधिक हैं।


- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, हरियाणा में हिन्दू 87.46% मुस्लिम 7.03%, सिख 4.91% आदि थे।

**44. बच्चों की पंक्ति में महेश का स्थान बाएँ से सातवें स्थान पर है और रवीश दाएँ से चौथे स्थान पर है। अगर महेश और रवीश के स्थानों का परिवर्तन किया जाए, तो महेश बाएँ से पन्द्रहवें स्थान पर होगा। रवीश का स्थान दाएँ से कितना है ?**

(a) चौथा (b) आठवाँ

(c) दसवाँ (d) बारहवाँ

**हल** *(d)*




∴ पंक्ति में कुल व्यक्ति = ( 15 + 4) – 1 = 18

अत: रवीश का दाएँ से स्थान = 4 + 8 = 12वाँ

**45. ब्रह्म सरोवर तीर्थ किस स्थान पर है?**

(a) पेहवा (b) कुरुक्षेत्र

(c) कैथल (d) जींद

**हल** *(b)* ब्रह्म सरोवर हरियाणा राज्य के कुरुक्षेत्र जिले में स्थित है। हिन्दुओं द्वारा इसे अत्यन्त पवित्र माना जाता है।

सूर्य ग्रहण के दौरान इस सरोवर के पवित्र जल में डुबकी लगाना हजारों अश्वमेघ यज्ञों के प्रदर्शन की योग्यता के बराबर माना जाता है।

**46. मोहन सिंह मण्डार की रियासत किस स्थान पर थी ?**

(a) कैथल (b) जींद

(c) तौरू (d) महेन्द्रगढ़

**हल** *(a)* मोहन सिंह मण्डार की रियासत कैथल स्थान पर स्थित थी।

- ये सल्तनत कालीन शासकों के अंतिम समय में कैथल के समीप मण्डार रियासत के सरदार थे। इन्होंने लंबे समय तक बाबर का मुकाबला किया।

**47. चीन के बाद विश्व का दूसरा वस्त्र निर्यातक कौन है ?**

(a) बांग्लादेश (b) जापान

(c) भारत (d) जर्मनी

**हल** *(c)* चीन के बाद, विश्व का दूसरा वस्त्र निर्यातक देश भारत है।

- भारत में गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु आदि राज्यों में वस्त्रों का उत्पादन होता है।

**48. हरियाणा के किस क्षेत्र में महिला साक्षरता दर न्यूनतम है ?**

(a) मेवात (b) रेवाड़ी

(c) महेन्द्रगढ़ (d) भिवानी

Downloaded from www.cclchapter.com

**हल** *(a)* हरियाणा में सर्वाधिक महिला साक्षरता दर वाले जिले (2011) गुरुग्राम (77.64%), पंचकुला (77.48%), अंबाला (76.64%).

- हरियाणा में न्यूनतम महिला साक्षरता दर वाले जिले (2011) मेवात (37.58%), पलवल (56.40%), कैथल (60.69%).

**49. घनाकार का सम्बन्ध चौकोर से है, तो उसी प्रकार चौकोर का सम्बन्ध होगा**

(a) बिन्दु (b) रेखा
(c) त्रिभुज (d) समतल

**हल** *(b)* घनाकार आकृति 3-D होती है जबकि चौकोर 2-D होती है। उसी प्रकार सरल रेखा की आकृति एक ही तल में होती है।

**50. एच.आई.वी (HIV) किसे सम्पूर्ण रूप से नष्ट कर देता है?**

(a) कलेजा और पाचन ग्रन्थि
(b) प्रोटीन का उत्पादक
(c) रक्षा यन्त्रीकरण
(d) एंजाइम का स्रावण

**हल** *(b)* एड्स बीमारी HIV विषाणु द्वारा फैलता है। यह शरीर में रोग-प्रतिरोधक क्षमता को नष्ट कर देता है।

- इस बीमारी से मानव की प्रतिरक्षा प्रणाली (WBC) प्रभावित होती है।

**51. जॉर्ज थॉमस ने 1797 ई. में प्रदेश के किस स्थान पर अपनी राजधानी बनाया था?**

(a) जहाजगढ़ (b) रोहाना
(c) हाँसी (d) रोहतक

**हल** *(c)* जॉर्ज थॉमस ने 1797 ई. में प्रदेश के हाँसी को अपनी राजधानी बनाया था।

- हरियाणा के रोहतक, गुड़गाँव, हिसार, सोनीपत, भिवानी तथा जींद जॉर्ज थॉमस के अधीन थे।

**52. अच्छे ईंधन के बारे में इनमें से कौन-सा सही नहीं है?**

(a) जो तैयारी के साथ उपलब्ध हो
(b) जो जलाकर तुरन्त बुझाया जा सके
(c) जो राख जैसे कचरे को न बनने दे
(d) जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जा सके

**हल** *(a) अच्छे ईंधन के गुण निम्नलिखित हैं–*

- यह तैयारी के साथ उपलब्ध होता है।
- इसे जलाकर तुरन्त बुझाया जा सकता है।
- यह राख जैसे कचरे को नहीं बनने देता है।

**53. नाहर वन्यजीव अभयारण्य किस जिले में स्थित है ?**


(a) रेवाड़ी (b) पलवल
(c) महेन्द्रगढ़ (d) मेवात

**हल** *(a)* नाहर वन्यजीव अभयारण्य हरियाणा के रेवाड़ी जिले में स्थित है। यह 522 एकड़ क्षेत्रफल मे विस्तृत है।

- इसे वर्ष 1987 में वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था।

Downloaded from www.cclchapter.com

**54. नीचे दी गई आकृति में रिक्त संख्या की पूर्ति कीजिए।**




(a) 64
(b) 36
(c) 49
(d) 25

**हल** *(a)* वृत्त में दी गई संख्या

$$1^3 = 1$$

$$2^3 = 8$$

$$3^3 = 27$$

अत: $? = 4^3 = 64$ होगा

**55. निम्नलिखित $A$ और $B$ में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए**

| परमाणु | प्रोटॉन की संख्या | न्यूट्रॉन की संख्या |
|---|---|---|
| Atom | Number of Protons | Number of Neutrons |
| $_2He^4$ | 2 | A |
| $_6C^{14}$ | B | 8A |

(a) $A = 2, B = 4$
(b) $A = 2, B = 6$
(c) $A = 4, B = 14$
(d) $A = 2\ B = 8$

**हल** *(b)* परमाणु $_2He^4$ के लिए दिया गया प्रोटॉन संख्या $= 2$

अब न्यूट्रॉन की संख्या = परमाणु भार - प्रोटॉन की संख्या

$$= 4 - 2 = 2$$

अत: $A = 2$

परमाणु $_6C^{14}$ के लिए प्रोटॉन संख्या $= 14 - 8 = 6$

अत: $B = 6$

**56. निम्नलिखित में से किस झील पर विदेशी पर्यटक अधिक संख्या में आते हैं?**

(a) दमदमा
(b) बड़खल
(c) सुल्तानपुर
(d) कोटला

**हल** *(b)* फरीदाबाद में स्थित बड़खल झील एक खूबसूरत मानव निर्मित झील है। यह अरावली पर्वत शृंखला के किनारे स्थित है।

- इस झील पर एक बाँध भी निर्मित है। इस झील को देखने बहुत से पर्यटक आते हैं।

**57. हरियाणा में किस फल का सर्वाधिक उत्पादन होता है?**

(a) केला
(b) सेब
(c) सन्तरा
(d) आम

**हल** *(d)* हरियाणा में आम का सर्वाधिक उत्पादन किया जाता है।

- अम्बाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पंचकुला आदि प्रमुख आम उत्पादक जिले हैं।

Downloaded from www.cclchapter.com

58. ककरोई सूक्ष्म जल विद्युत परियोजना किस नहर पर बनी है ?

(a) भिवानी नहर
(b) गुड़गाँव नहर
(c) भाखड़ा नहर
(d) पश्चिमी यमुना नहर

हल (d) ककरोई सूक्ष्म जल विद्युत परियोजना पश्चिमी यमुना नहर पर बनी है।

- इस नहर के वितरिकाओं की लम्बाई 3226 किमी है।

59. दो संख्याओं के लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तम समापवर्तक क्रमशः 150 और 5 हैं। यदि एक संख्या 25 हैं, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए ?

(a) 20 (b) 35 (c) 30 (d) 15

हल (c) पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल.स. × म.स.

अतः दूसरी संख्या $= \frac{5 \times 150}{25} = 30$

60. किसे 16वें लोकसभा के वक्ता के रूप में चुना गया है?

(a) मीरा कुमार
(b) सुमित्रा महाजन
(c) मनोहर जोशी
(d) कमलनाथ

हल (b) सुमित्रा महाजन को 16वीं लोकसभा के स्पीकर के रूप में चुना गया था।

- 17वीं लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला हैं।

61. खून का कौन-सा तत्त्व रोग प्रतिरोधक शक्ति प्रदान करता है?

(a) RBC
(b) प्लाज्मा
(c) WBC
(d) प्लेटलेट्स

हल (c) WBC आकार और रचना में अमीबा के समान होता है। इसका निर्माण अस्थि मज्जा, लिम्फ नोड तथा यकृत एवं प्लीहा में होता है।

- इसका मुख्य कार्य शरीर को रोगों के संक्रमण से बचाना है।

62. 1000 MW शक्ति प्रजनन करने वाला भारत का पहला परमाणु प्लांट कहाँ है ?

(a) कल्पक्कम, तमिलनाडु
(b) नरोरा, उत्तर प्रदेश
(c) तारापुर, महाराष्ट्र
(d) कुडनकुलम, तमिलनाडु

हल (d) कुडनकुलम नाभिकीय विद्युत परियोजना भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित है।

- इसका निर्माण वर्ष 2002 में आरम्भ हुआ। यह 1000 MW से ज्यादा शक्ति वाला देश का पहला परमाणु प्लांट है।

63. निम्न संग्रहालयों और उनके स्थानों से संबंधित कीजिए–

| क्र.स. | संग्रहालय | क्र.स. | स्थान |
|---|---|---|---|
| (a) | आशुतोष संग्रहालय | (i) | मुम्बई |
| (b) | प्रिन्स ऑफ वेल्स म्यूजियम | (ii) | अहमदाबाद |
| (c) | केलिको संग्रहालय | (iii) | कोलकाता |
| (d) | राजा केल्कर संग्रहालय | (iv) | पुणे |

Downloaded from www.celchapter.com

कूट

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) (ii) | (iii) | (iv) | (iv) |
| (b) (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (c) (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (d) (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**हल** *(b)* आशुतोष संग्रहालय – कोलकाता
प्रिन्स ऑफ वेल्स म्यूजियम – मुम्बई
केलिको संग्रहालय – अहमदाबाद
राजा केल्कर संग्रहालय – पुणे

**64. घग्घर नदी हरियाणा के किस जिले में नहीं बहती है?**

(a) कैथल (b) भिवानी
(c) फतेहाबाद (d) सिरसा

**हल** *(b)* घग्घर नदी का उद्‌गम स्थान (हिमाचल प्रदेश) है। यह हरियाणा में कालका नामक स्थान पर प्रवेश करती है।

- यह हरियाणा के पंचकुला, अंबाला, कैथल, फतेहाबाद तथा सिरसा जिलों में प्रवाहित होती है।

**65. हरियाणवी फिल्मों के सफल नायक कौन माने जाते हैं?**

(a) देवीशंकर प्रभाकर
(b) अनूप सिंह
(c) जगत जाखड़
(d) सुनील दत्त

**हल** *(c)* हरियाणवी फिल्मों के सफल नायक जगत जाखड़ को माना जाता है।

- उन्होंने दर्जन भर हरियाणवी फिल्मों में काम किया है। 'चन्द्रावल' उनकी सबसे सफल फिल्म थी।

## English Language

**Direction (66-67) :** ***Fill in the blanks with the appropriate preposition/prepositional phrase.***

**66. I went to Delhi......attend a conference.**

(a) for the sake of (b) inspite of
(c) in order to (d) None of these

**Exp.** *(c)* We use "in order to" with an infinitive form of a verb to express the purpose of something. Hence "in order to" is the correct prepositional phrase.

**67. .........my best efforts, I could not win the election.**

(a) In the course of
(b) On behalf of
(c) In spite of
(d) Apart from

**Exp.** *(c)* After "in spite of" we use a noun, gerund or a pronoun to link two contrasting ideas or show that one fact makes the other fact surprising. Hence, "in spite of" is the correct prepositional phrase.

Downloaded from www.cclchapter.com

**68. Fill in the blanks choosing the appropriate word from the four choices given below each question.**

**This building is made up ......... bricks.**

(a) hollow (b) hallow

(c) howlo (d) None of these

**Exp.** *(a)* Hollow means having a hole or empty space inside; without real significance or value; empty; not solid; void. Hence, hollow suits well in the given blank.

**69. Mr. Shekhar has decided to.........as manager of the football team.**

(a) quit (b) quietly (c) quiet (d) quite

**Exp.** *(a)* First understand the meaning these words.
quit (Verb); leave; withdraw from; vacate.
quiet (Adj): making little or no noise; silent, still.
quietly (Adv) : in a quiet manner; silently.
quite (Adv) : to the utmost or most absolute extent or degree; absolutely; completely; fully; entirely.
Hence, the verb "quit" will be the right usage.

**70. Fill in the blanks with the antonym for the words underlined from the choices given below each question.**

**The police Inspector believed that the latter part was not credible unlike the ...... part of the story.**

(a) early (b) first (c) former (d) None

**Exp.** *(c)* Latter means last-mentioned; second-mentioned while **former** means first-mentioned. Hence, both words have opposite meaning.

**71. Fill in the blanks with appropriate forms of verbs given in brackets.**

**Yesterday I ......... up early in the morning. (walk)**

(a) wake (b) woke (c) woken (d) had woken

**Exp.** *(b)* Simple past tense is used with the past time expressing words such as yesterday. The structure of simple past is— S + $V^2$ + O. The second form of verb wake is woke.

**Direction** ***(Q.No. 72 and 73) Choose the correct synonym of the word underlined from the alternatives given below.***

**72. They found it difficult to cross the treacherous frozen lake.**

(a) Cold (b) Dangerous

(c) Wide (d) Impressive

**Exp.** *(b)* Treacherous means guilty of or involving betrayal or deception or presenting hidden or unpredictable dangers; hazardous; perilous and **dangerous** means hazardous; perilous; risky. Hence, both words have similar meaning.

Downloaded from www.cclchapter.com

73. **A cut mount looks more elegant than a plain mount.**
(a) Graceful (b) Elevated
(c) Brilliant (d) Expensive

**Exp.** *(a)* Elegant means graceful, dignified cultivated. Hence, the correct synonym of the words elegant is graceful.

74. **Fill in the blanks of the following sentences with the correct word given in bracket ?**
**Her ...... earned her many rewards (deligent).**
(a) deligent (b) deligently
(c) deligentry (d) deligence

**Exp.** *(d)* We use a noun after the possessive pronoun. Here, deligence is a noun.

75. **His action looks very.........(suspicion).**
(a) Suspicion (b) Suspiciously
(c) Suspiciousess (d) Suspicious

**Exp.** *(d)* Here, to quality the noun "(His) action" the adjective—"Suspicious" will be used.

## हिन्दी

76. **इनमें विशेषण है**
(a) मोटा (b) मोहन (c) भारत (d) कमाई

**हल** *(a)* संज्ञा, सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता को बतलाया जाता है उसे व्याकरण में विशेषण कहते हैं। उपर्युक्त शब्दों में 'मोटा' शब्द विशेषण है।

77. **राम ने रोटी खाई। इस वाक्य में रोटी.........कारक है।**
(a) कर्ता (b) कर्म (c) कारण (d) संबंध

**हल** *(b)* क्रिया का फल जिस संज्ञा या सर्वनाम को प्राप्त होता है, वह कर्म कारक कहलाता है। इसका हिन्दी पर्याय 'को' है। कार्य का फल अर्थात् प्रभाव जिस पर पड़ता है, उसे कर्म कारक कहते हैं। जैसे-मोहन ने साँप को मारा।

78. **घर का बहुवचन है**
(a) घरें (b) घरों
(c) घराए (d) घर

**हल** *(b)* घर एकवचन शब्द है, इसका बहुवचन शब्द घरों होगा।

79. **'चोर' का स्त्री लिंग रूप है**
(a) चोरी (b) चोरिन
(c) चोरनी (d) चोरा

**हल** *(c)* 'चोर' का स्त्रीलिंग रूप चोरनी है।

80. **सही संधि विच्छेद करें–रामावतार:**
(a) रामा + आवतार (b) रमा + आवतार
(c) राम + अवतार (d) इनमें से कोई नहीं

Downloaded from www.cdlchapter.com

**हल** *(c)* राम + अवतार = रामावतार (दीर्घ स्वर संधि) नियम–जब (अ, आ) हो तो 'आ' बनता है, जब (इ ई) के साथ (इ, ई) हो 'ई' बनता है, जब (उ, ऊ) के साथ (उ, ऊ) हो तो 'ऊ' बनता है।
जैसे– धर्म + अर्थ = धर्मार्थ
पुस्तक + आलय = पुस्तकालय
विद्या + अर्थी = विद्यार्थी
रवि + इंद्र = रविन्द्र

**81. सीता ने दो.........खाएँ।**
(a) केला (b) केले (c) केलो (d) केलाएँ

**हल** *(b)* प्रश्न के रिक्त स्थान में केले शब्द का प्रयोग होगा। अतः पूर्ण वाक्य 'सीता ने दो केले खाएँ हैं।'

**82. 'महान' शब्द की भाववाचक संज्ञा हैं**
(a) मेहनत (b) महानता
(c) महाउत्तम (d) मेहमान

**हल** *(b)* 'महान्' शब्द की भाववाचक संज्ञा महानता होगा।

**83. इनमें सर्वनाम शब्द है**
(a) उन्होंने (b) राम का (c) परीक्षा (d) बड़ा

**हल** *(a)* सर्वनाम उस विकारी शब्द को कहते हैं, जो पूर्वापरसम्बन्ध से किसी भी संज्ञा के बदले आता है।
जैसे– मैं, तू, आप, यह, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या आदि।

**84. 'परिश्रम' का समानार्थी शब्द है**
(a) परिश्रमी (b) मेहनत (c) श्रमिक (d) प्रयत्न

**हल** *(b)* 'परिश्रम' का समानार्थी शब्द मेहनत होता है।

**85. 'अक्लमंद' का विलोम शब्द है**
(a) कमजोर (b) कमराबंद
(c) चतुर (d) मूर्ख

**हल** *(d)* 'अक्लमंद' का विलोम 'मूर्ख' होता है।

**86. बच्चों के विकास के लिए इसमें से कौन-सा तत्त्व उनके आहार में होना आवश्यक है?**
(a) फैट (b) प्रोटीन
(c) मिनरल (d) इनमें से कोई नहीं

**हल** *(b)* बच्चों के विकास के लिए प्रोटीन सबसे आवश्यक तत्त्व है।
- यह ऊर्जा उत्पादन एवं शरीर की मरम्मत दोनों कार्यों के लिए उत्तरदायी होता है।
- इसकी कमी से बच्चों को क्वाशियोरकोर एवं मेरेस्मस (क्षय या सूखा) रोग हो जाता है।

**87. बच्चों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम को किसने बनाया?**
(a) मानव संसाधन मंत्री
(b) महिला और बाल विकास मंत्री
(c) गृह मंत्री
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Downloaded from www.cclchapter.com

**हल** *(b)* बच्चों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम को महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बनाया।

- महिला एवं बाल विकास विभाग की स्थापना वर्ष 1985 में महिलाओं एवं बच्चों के समग्र विकास को प्रोत्साहन देने के लिए किया गया था।

**88. इनमें से कौन-सी बीमारी संक्रामक है?**

(a) पेचिश (b) एच.आई.वी.
(c) कैंसर (d) इनमें से कोई नहीं

**हल** *(d)* संक्रामक रोग का तात्पर्य ऐसे रोगों से है जो एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में रोगाणु प्रोटोजोआ, यीस्ट, बैक्टीरिया, वाइरस आदि के माध्यम से फैलता है।

- मलेरिया, टायफाइड, चेचक, इन्फलुएनजा आदि संक्रामक रोग हैं।

**89. पूर्ण पाठशाला की सही उम्र क्या है?**

(a) एक वर्ष (b) ढाई वर्ष (c) तीन वर्ष (d) चार वर्ष

**हल** *(b)* पूर्ण पाठशाला की सही उम्र $2\frac{1}{2}$ वर्ष है।

- ढाई वर्ष के बच्चों में कुछ हद तक शारीरिक एवं स्मरणीय क्षमता का विकास हो जाता है।

**90. बच्चों के अध्ययन की प्रक्रिया में मनोवैज्ञानिक कारक कौन-सा है?**

(a) इच्छा शक्ति (b) प्रयोजन
(c) प्रेम (d) बुद्धिमानी

**हल** *(a)* इच्छा शक्ति बच्चों के अध्ययन की प्रक्रिया में मनोवैज्ञानिक कारक है।

- मनोविज्ञान के सन्दर्भ में इच्छाशक्ति या संकल्प वह संज्ञानात्मक प्रक्रम है जिसके द्वारा व्यक्ति किसी कार्य को किसी विधि का अनुसरण करते हुए करने का प्रण करता है।

**91. बच्चों का पहला स्कूल कहाँ है?**

(a) घर (b) समुदाय
(c) समाज (d) समूह

**हल** *(a)* बच्चों का पहला स्कूल घर माना जाता है। माता-पिता बच्चों के प्रथम अध्यापक होते हैं।

- शुरुआती अवस्था में बच्चे माता-पिता से ही सारी क्रियाएँ सीखते हैं।

**92. बच्चों की भाषा प्रतिभा को कैसे विकसित किया जाता है?**

(a) बात से (b) पढ़कर
(c) कहानियों से (d) इनमें से कोई नहीं

**हल** *(a)* बच्चों की भाषा प्रतिभा को बातें करके विकसित किया जा सकता है। बातचीत करके भाषा का आकलन करना सुगम होता है।

**93. ICDS से क्या तात्पर्य है?**

(a) Indian Child Development School
(b) International Child Development Schemes
(c) Integrated Child Development Schemes
(d) Indian Christain Development Schemes

Downloaded from www.cclchapter.com

**हल** *(c)* ICDS—Integrated Child Development Services (scheme).

- समन्वित बाल विकास योजना 6 वर्ष तक के उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं शैक्षणिक सेवाओं का एकीकृत पैकेज प्रदान करने की योजना है।

**94. इनमें से कौन-सा नाश्ता बच्चे को अधिक शक्ति प्रदान करता है?**

(a) दूध (b) चिप्स

(c) बिस्कुट (d) चॉकलेट

**हल** *(a)* दूध बच्चे को अधिक शक्ति प्रदान करता है। दूध में प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन $B_2, A_1, D, K, E$ सहित अन्य कई तत्त्व मौजूद होते हैं।

**95. बालसेविका की क्या भूमिका होती है?**

(a) निरीक्षण (b) प्रतिभा

(c) नियंत्रण (d) इनमें से कोई नहीं

**हल** *(a)* भारत में आँगवाड़ी केन्द्र की स्थापना बच्चों के भूख और कुपोषण से निपटने के लिए एकीकृत बाल विकास सेवा कार्यक्रम के तहत किया गया है।

- बाल सेविका की भूमिका निरीक्षक की होती है।

**96. बाल मनोविज्ञान से क्या तात्पर्य है?**

(a) मानसिक व्यवस्था का अध्ययन

(b) शारीरिक अध्ययन

(c) जैविक तत्त्वों का अध्ययन

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**हल** *(a)* बाल मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की वह शाखा है जिसमें गर्भाव्यवस्था से लेकर प्रौढ़ावस्था तक के मनुष्य के मानसिक विकास का अध्ययन किया जाता है।

OC

Downloaded from www.cclchapter.com

**97. इनमें से कौन-सा कार्य बच्चों की स्वच्छता से संबंधित है?**

(a) धोना (b) सुखाना (c) शौच (d) ये सभी

**हल** *(d)* उपर्युक्त सभी कार्य-धोना, सुखाना, शौच आदि बच्चों की स्वच्छता से संबंधित है।

**98. बच्चों के भोजन में कार्बोहाइड्रेट की कितनी मात्रा होनी चाहिए ?**

(a) 10 – 20% (b) 25 – 30%

(c) 30 – 40% (d) 45 – 59%

**हल** *(d)* कार्बोहाइड्रेट ऑक्सीकरण द्वारा शरीर की ऊर्जा की आवश्यकता को पूरी करता है।

- बच्चों को भोजन में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा 45 – 50% होनी चाहिए।

**99. महिला और बाल विकास का परिचय किस पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत किया गया?**

(a) पाँचवीं (b) छः (c) सातवीं (d) दसवीं

**हल** *(c)* महिला एवं बाल विकास का परिचय सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985–90) में किया गया था। वर्ष 1985 में स्थापित महिला एवं बाल विकास विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय के एक अंग के रूप में की गई थी।

**100. IMR से क्या तात्पर्य है?**

(a) Infant Mortality Rate

(b) Indian Moter Role

(c) International Monetary

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**हल** *(a)* IMR-Infant Mortality Rate

- शिशु मृत्यु दर प्रति एक हजार जीवित जन्मे शिशुओं में से एक वर्ष या इससे कम उम्र में मृत शिशुओं की संख्या ज्ञात करने से है।
- वर्ष 2019 में शिशु मृत्यु दर 30.924 थी।

ООО

Downloaded from www.cclchapter.com